खबर संक्षेप

लायंस क्लब की अनूठी पहलः नवरात्रि पर 9 पितृहीन छात्राओं की स्कूल फीस जमा



सतना। नवरात्रि की अष्टमी पर लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंड्स ने कन्या पूजन के साथ सामाजिक सरोकार का संदेश दिया।क्लब ने कन्या धवारी विद्यालय की 9 पितृहीन व जरूरतमंद छात्राओं की वार्षिक फीस 9,270 जमा की। फर्स्ट वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन पवन मलिक और क्लब अध्यक्ष लायन आलोक त्रिपाठी ने प्राचार्य सावियल टोप्पो को यह राशि सौंपी। पवन मलिक ने बताया कि वर्ष 2018 से लगातार जारी इस अभियान के माध्यम से अब तक 81 छात्राओं को शिक्षा में सहयोग दिया जा चुका है। क्लब का यह प्रयास कन्या पूजन को शिक्षा और संवेदना से जोड़ने का अनुकरणीय उदाहरण है।

एकेएस विश्वविद्यालय के सहयोग से एसईसीएल में सुरक्षित खनन पर कार्यशाला



सतना। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के प्रबंधन विकास संस्थान में 15 अक्टूबर को खदानों में सुरक्षित विस्फोट प्रक्रिया पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें एकेएस विश्वविद्यालय, सतना का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यशाला में एसईसीएल के संचालन निदेशक (तकनीकी) रमेश चंद्र महापात्र मुख्य अतिथि रहे। एकेएस विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जी.के. प्रधान ने मुख्य वक्ता के रूप में खदानों में चट्टानें तोड़ने के लिए किए जाने वाले विस्फोट और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। उन्होंने सुरक्षित खनन में सावधानी और सही तकनीक के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एसईसीएल के 40 वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। उन्होंने अपनी खदानों में विस्फोट के दौरान आने वाली समस्याओं को साझा किया और उनके समाधान पर चर्चा की। एकेएस विश्वविद्यालय के खनन विभाग के सहायक प्राध्यापक रमेश कांत भी उपस्थित रहे। एकेएस विश्वविद्यालय खनन क्षेत्र में तकनीकी प्रशिक्षण और विशेषज्ञ मार्गदर्शन के माध्यम से देश की खदानों में सुरक्षित कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने में सहयोग कर रहा है।

मैहर में शारदीय नवरात्रि की अष्टमी पर उमड़ा जनसैलाब
महिला आरक्षक की संवेदनशीलता बनी मिसाल

मैहर

मां शारदा की पावन नगरी मैहर में शारदीय नवरात्रि की अष्टमी पर श्रद्धालुओं का अपार जनसैलाब उमड़ पड़ा। रविवार को देश के विभिन्न कोनों से पहुंचे करीब 1 लाख 10 हजार से अधिक भक्तों ने मां शारदा के दर्शन किए। पुलिस प्रशासन की मुस्तैद व्यवस्था के चलते बाहर से आए श्रद्धालुओं को त्रिकूट पर्वत पर अत्यंत सुगमता से दर्शन प्राप्त हुए।

अष्टमी पर उमड़ी भारी भीड़ और आंकड़े



शाम 5:30 बजे तक के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार,कुल 94,907 श्रद्धालु मां के दरबार में पहुंच चुके थे,जबकि दिनभर में यह संख्या बढ़कर लगभग 1 लाख 10 हजार से अधिक पहुंच गई। इनमें पैदल मार्ग से 89,915, वाहन मार्ग से 1,392 और रोपवे के जरिए 3,600 से अधिक भक्तों ने दर्शन का लाभ उठाया। चहुंओर गूंजते मां के जयकारों से पूरी नगरी पूरी तरह भक्तिमय नजर आई।



महिला आरक्षक ने पेश की मानवता की मिसाल

मेले के दौरान सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों ने कर्तव्यनिष्ठा के साथ मानवीय संवेदनाओं का भी अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। मूल रूप से पन्ना जिले की निवासी महिला आरक्षक सुश्री रोशनी कुशवाहा ने मंदिर की सीढ़ियों पर चक्कर खाकर गिरी एक महिला श्रद्धालु को तुरंत सहारा देकर प्राथमिक उपचार केंद्र पहुंचाया। समय पर इलाज दिलाने के बाद उन्होंने महिला को सुरक्षित उसके परिजनों तक पहुंचाया। उनकी इस संवेदनशीलता और सेवाभाव ने वर्दी की गरिमा को और अधिक ऊंचा कर दिया है।

23 को सजेगा बागेश्वर धाम सरकार का दिव्य दरबार

मैहरवासियों और श्रद्धालुओं के लिए आगामी 23अक्टूबर को एक और बड़ा धार्मिक आयोजन होने जा रहा है। केजेएस सीमेंट प्लांट परिसर में दोपहर 12बजे से बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का भव्य दिव्य दरबार सजेगा। इस कार्यक्रम को लेकर भक्तों में भारी उत्साह है,जहां सनातन संस्कृति और अध्यात्म का अनूठा संगम देखने को मिलेगा।



लोकायुक्त की टीम ने नगर निगम के सुपरवाइजर 2 हजार रुपए की रिश्वत लेते दबोचा

सतना। लोकायुक्त रीवा की टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर निगम के एक सुपरवाइजर को रंगे हाथों दबोच लिया है। आरोपी सुपरवाइजर बालकृष्ण आदिवासी (30) ने एक सफाईकर्मी की हाजिरी पूरी दर्ज करने के एवज में 3 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। पीड़ित सफाईकर्मी द्वारा इसकी शिकायत लोकायुक्त कार्यालय में दर्ज कराई गई थी। शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त रीवा की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से रविवार को बिरला हॉस्पिटल के सामने कार्रवाई की। टीम ने आरोपी सुपरवाइजर को 2 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों धर दबोचा। इस अचानक हुई कार्रवाई से नगर निगम कार्यालय और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है। लोकायुक्त पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आगे की वैधानिक और कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

सतना में 27 करोड़ से चमकेगी शहर की सड़कें: महापौर ने दी सौगात,आयुक्त की देखरेख में सुधार कार्य तेज

सतना।

बारिश का मौसम बीतते ही सतना शहर के कायाकल्प और विकास कार्यों ने गति पकड़ ली है। महापौर योगेश कुमार ताम्रकार ने शहरवासियों को बड़ी खुशखबरी देते हुए बताया कि नगर निगम की मेयर-इन-काउंसिल के माध्यम से लगभग 20 करोड़ के सड़क निर्माण प्रोजेक्ट्स स्वीकृत किए गए हैं। इसके अतिरिक्त,आयुक्त डॉ.नागार्जुन बी.गौड़ा के विशेष प्रयासों से माइनिंग फंड से 7 से 8 करोड़ के अतिरिक्त विकास कार्यों को मंजूरी मिली है।

इन प्रमुख मार्गों का होगा निर्माण व सुधार

27 करोड़ के इस बजट से शहर की प्रमुख सड़कों की सूरत बदलेगी। योजना के तहत कारगिल ढाबा से पन्ना नाका पेप्टिक सिटी तक,चित्रकूट रोड से सिविल लाइन,सतना नदी से डाली बाबा मार्ग,बदखर रोड सहित कई महत्वपूर्ण रास्तों का नवनिर्माण व जीर्णोद्धार कराया जाएगा।



ग्राउंड जीरो पर आयुक्त की सीधी निगरानी

एक तरफ जहां नई सड़कों के निर्माण को हरी झंडी मिली है,वहीं दूसरी तरफ जर्जर व गड्ढों वाली सड़कों को तुरंत दुरुस्त करने के लिए सड़क सुधार अभियान तेज कर दिया गया है। नगर निगम आयुक्त डॉ. नागार्जुन बी.गौड़ा की सीधी निगरानी में शनिवार को एक ही दिन में कई प्रमुख स्थलों पर तेजी से मरम्मत कार्य कराए गए। इनमें सर्किट हाउस चौक से सिंधु स्कूल मुख्य मार्ग,निगम कार्यालय से मुख्तियारगंज मार्ग,व्यंकटेश लोक मोड़ तथा राजघराना के सामने की सड़कें शामिल हैं।

सुगम आवागमन और विकसित सतना का संकल्प

महापौर ताम्रकार ने दोहराया कि बेहतर सड़कें,आधुनिक सुविधाएं और मजबूत बुनियादी ढांचा प्रदान कर सतना को स्वच्छ,सुंदर और सुव्यवस्थित शहर बनाना नगर निगम का मुख्य संकल्प है। नागरिकों को दैनिक आवागमन में सहूलियत देने के लिए मुख्य मार्गों के साथ-साथ आंतरिक गलियों व सड़कों की गुणवत्ता सुधारने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

जिला अस्पताल का प्रसूता वार्ड बना नवजातों की कब्रगाहः व्यवस्थाएं बेपटरी, जिम्मेदार मौन



सतना। सरदार बल्लभ भाई पटेल जिला अस्पताल के प्रसूता वार्ड से लगातार आ रही खबरें स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल रही हैं। डिलीवरी के दौरान आए दिन नवजात बच्चों की मौत के बढ़ते मामलों ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया है। स्वास्थ्य विभाग बेहतर इलाज के दावे भले ही करता हो,लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों के बिल्कुल उलट है। परिजनों का गंभीर आरोप है कि रात के वक्त वार्ड में कोई विशेषज्ञ डॉक्टर मौजूद नहीं रहता। पूरी प्रक्रिया महज नर्सों और जूनियर स्टाफ के भरोसे चलती है। थोड़ी सी भी जटिल स्थिति आने पर समय पर सही फैसला लेने के बजाय हीला-हवाली की जाती है, जिससे नवजातों की जान चली जाती है। पिछले कुछ दिनों में ही ऐसी कई दर्दनाक घटनाएं सामने आ चुकी हैं,जहां परिजनों के पूछने पर भी अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि इन मासूमों की मौतों का आखिर जिम्मेदार कौन है? क्या प्रबंधन गंभीर मामलों पर पर्दा डालने की कोशिश कर रहा है? जब इस संवेदनशील मुद्दे पर जिम्मेदारों से पक्ष जानने की कोशिश की गई,तो वे कैमरे के सामने आने से कतराते नजर आए। स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने जिला प्रशासन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने,पिछले एक महीने के प्रसूता वार्ड के आंकड़े सार्वजनिक करने और दोषी लापरवाह कर्मियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की पुरजोर मांग की है।



मानवता की मिसालः देवर ने विधवा भाभी से रचाया विवाह, संवारा बच्चों का भविष्य

सतना। समाज में रिश्तों की गरिमा और संवेदनशीलता की अनूठी मिसाल मध्य प्रदेश के उचेहरा तहसील के पोड़ी गरादा गांव से सामने आई है। यहाँ निवासी सुशील दाहिया ने अपनी विधवा भाभी रानू दहायत के साथ विवाह कर उन्हें एक नई जिंदगी दी है। वर्ष 2022 में रानू के पति सोने लाल दाहिया का निधन हार्ट अटैक से हो गया था,जिससे उन पर और उनके दो बच्चों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था। रानू की कम उम्र और भविष्य को देखते हुए परिवार ने उनके पुनर्विवाह का निर्णय लिया। इस पर देवर सुशील दाहिया ने आगे आकर अपनी भाभी का हाथ थामने और उनके बच्चों की जिम्मेदारी उठाने का फैसला किया। अष्टमी के पावन अवसर पर पोड़ी गरादा धाम स्थित भोलेनाथ के दरबार में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दोनों ने अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लिए। इस अनूठे विवाह में बैंड-बाजे और आतिशबाजी के साथ गांव के सरपंच रामकलेश चौधरी सहित तमाम ग्रामीण और परिजन शामिल हुए। ग्रामीणों ने सुशील के इस साहसिक और मानवीय फैसले की भूरी-भूरी प्रशंसा की है।

टिकुरिया टोला में दिनदहाड़े लाखों की चोरी, 3.5 तोला सोना और नकदी पार



सतना।

कोलगवां थाना क्षेत्र के टिकुरिया टोला डाली बाबा मार्ग, हरिजन बस्ती के पास संगम ताम्रकार के घर दिनदहाड़े लाखों की चोरी का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार कुछ घंटों के लिए भटनवारा /भर्जुना माता मंदिर दर्शन करने गया था,इसी दौरान चोरों ने इस बड़ी वारदात को अंजाम दिया। परिजनों के मुताबिक,चोरों ने महज दो घंटे के भीतर घर का ताला तोड़कर करीब साढ़े तीन तोला सोने के आभूषण और 10,000 रुपये नकद पार कर दिए। वापस लौटने पर घर का सामान बिखरा देखकर चोरी की जानकारी हुई। घटना की सूचना मिलते ही कोलगवां थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए साक्ष्य जुटाने के लिए साइबर एक्सपर्ट और फिंगरप्रिंट टीम को भी बुलाया गया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए चोरों की तलाश शुरू कर दी है। दिनदहाड़े हुई इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया है।

अमदरी और पिथौराबाद में पौधरोपण व महिला सम्मान



सतना। नवरात्रि के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के 'शक्ति से सृजन अभियान' के तहत उचेहरा के ग्राम अमदरी और पिथौराबाद में कलश यात्रा,वृक्ष पूजन व माटी पूजन का आयोजन हुआ। नवांकुर संस्था 'सर्जना' द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने देवी गीत प्रस्तुत किए,जिस पर उत्कृष्ट गायन के लिए मातृशक्ति को सम्मानित किया गया। परामर्शदाता ओमप्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण,पर्यावरण सुरक्षा और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के अंत में युवाओं व विद्यार्थियों को जल स्त्रोतों को प्रदूषण मुक्त रखने और जल के सदुपयोग की शपथ दिलाई गई।

गार्डन में भव्य गरबा आयोजन, अतिथियों का मोमेंटो एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान

सतना। नवरात्रि के पावन पर्व पर श्री जलाराम महिला मंडल,गुजराती समाज द्वारा भरहुत नगर स्थित पुजारी गार्डन में सप्तमी के अवसर पर भव्य गरबा महोत्सव आयोजित किया गया। मां भगवती की आरती "जय आद्या शक्ति" के पश्चात पारंपरिक गुजराती गरबा गीत "आसमानी रंग की चुंदड़ी रे, मां नी चुंदड़ी लहराय" की मधुर धुन पर श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक गरबा कर भक्तिमय वातावरण बना दिया। कार्यक्रम में विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश सूखेजा अपनी टीम के साथ,वैश्य महासम्मेलन के शहर प्रमुख हरिओम गुप्ता अपनी टीम के साथ,एम.पी. बिड़ला कैंसर रिसर्च सेंटर के पूर्व मेडिकल डायरेक्टर डॉ.संजय महेश्वरी एवं जनरल सर्जन डॉ.रेखा महेश्वरी तथा गांधी चिल्ड्रेन हॉस्पिटल के संचालक डॉ. विजयकांत गांधी उपस्थित रहे। श्री जलाराम महिला मंडल की अध्यक्ष संगीता पटेल एवं गुजराती समाज के अध्यक्ष कमलेश पटेल ने अतिथियों को मोमेंटो भेंट कर एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। अपने उद्बोधन में डॉ.संजय महेश्वरी ने कहा कि हमें अपनी सांस्कृतिक जड़ों और सनातन परंपराओं पर गर्व करना चाहिए। उन्होंने सामाजिक मेल-मिलाप में 'जय श्री कृष्ण' जैसे पारंपरिक अभिवादन को अपनाने पर जोर दिया। विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश सूखेजा ने गरबा महोत्सव के सफल आयोजन के लिए आयोजक मंडल को बधाई दी। कार्यक्रम में प्रसाद एवं आरती की थाली का लाभ जमुनादास ठक्कर परिवार की ओर से लिया गया। मां भगवती की आराधना,पारंपरिक गरबा और अतिथियों के सम्मान के साथ सप्तमी का आयोजन श्रद्धा,उल्लास और सांस्कृतिक एकता का संदेश दे गया।





मझगवां में कांग्रेस की बाइक यात्राः यातायात नियमों के उल्लंघन पर उठे सवाल

सतना। मझगवां में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित 'वोट चोर गद्दी छोड़' बाइक यात्रा बस स्टैंड पहुंची, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए। हालांकि,यात्रा के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ता स्वयं यातायात नियमों का उल्लंघन करते नजर आए। स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दूसरों को कानून और नियमों का पाठ पढ़ाने वाले राजनीतिक दल के कार्यकर्ता खुद बिना नियमों की परवाह किए सड़कों पर वाहन चलाते दिखे। इस घटना के बाद सार्वजनिक कार्यक्रमों और रैलियों में सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड ने जीता विश्व सुरक्षा संगठन (WSO) सेफ्टी अवार्ड-2026



सतना।

प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड सीमेंट डिवीजन,सतना को सेफ्टी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु विश्व सुरक्षा संगठन (WSO) 3 स्टार रेटिंग सिल्वर ट्रॉफी अक्टूबर-2026 में प्रदान किया गया है।

यह अवार्ड प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड की ओर से सहायक महाप्रबंधक नितिन टंडन (E&I) एवं उप सहायक करुणेन्द्र सिंह (सेफ्टी) ने दिनांक 13 अक्टूबर 2026 को मुंबई में सेफ्टी सम्मेलन में प्राप्त किया। प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड-सीमेंट डिवीजन द्वारा सेफ्टी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये मिले अवार्ड पर कंपनी के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ राकेश जैन,प्रसीडेंट एवं प्लांट हेड मनीष कुमार सिंह,डॉ मनीष कुमार सिन्हा प्रेसिडेंट एच आर एम एंड कॉरपोरेट अफेयर्स प्रेसिडेंट एचआर वा अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त की और भविष्य में भी कम्पनी द्वारा सेफ्टी के क्षेत्र में अनवरत प्रतिबद्धता दोहरायी।

प्रिज्म जॉनसन लिमिटेड के डीजीएम-सीएसआर एंड पब्लिक रिलेशन देवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि प्लान्ट परिसर में आने वाले सभी आगंतुकों, वेंडर, सप्लायर, सरकारी अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिकों को सेफ्टी गैलरी में सेफ्टी इंडक्शन ट्रेनिंग कराई जाती है फिर प्लांट में प्लांट के खतरों एवं सुरक्षा सावधानियों के बारे मे बताया जाता है। कार्य के अनुरुप ये मॉडल बनाये गये हैं। प्लांट परिसर में प्रत्येक महीने सेक्शन वाइज आपातकालीन मॉक ड्रिल कराई जाती है और सभी सेक्शन में टूल बॉक्स टॉक करवाया जाता है। सुरक्षा विभाग द्वारा इंडक्शन ट्रेनिंग दिलाई जाती है साथ ही साथ कन्फाइड स्पेस,हॉट वर्क,ऊचाई कार्य आदि विषयों के बारे में बताया जाता है।

खबर संक्षेप

आज होगी माँ कलेही की महाआरती



पवई। शारदेय नवरात्रि के पावन पर्व पर अष्टमी तिथि को माँ कलेही की महाआरती आज सोमवार को होगी नवरात्रि में अष्टमी आरती का विशेष महत्त्व होता है इस दिन सरल , सहज माँ गौरी के रूप में प्रकटवान होती है मंदिर के पुजारी डॉ. हरिकेश बढ़ौलिया ने बताया की माँ कलेही की महाआरती अष्टमी के अलावा बैठकी एवं पंचमी तिथि को भी होती है परन्तु अष्टमी की महाआरती में 51 दीप प्रज्वलित कराकर आरती की जाती है रात्रि 9:00 बजे होने वाली महाष्टमी की आरती में बहुत अधिक संख्या में श्रद्धालु पहुँचते है तहसीलदार एवं मंदिर प्रशासक रत्नराशि पांडेय एवं मंदिर के अधिमान्य सदस्य दीपेंद्रसिंह परमार ने बताया की महाआरती के लिए प्रोजेक्टर लगाया जायेगा जिससे स्क्रीन के माध्यम से श्रद्धालु को महाआरती सुगमता से दिखाई देगी मंदिर परिसर में यह प्रोजेक्टर लगाए जाएंगे इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया की हर वर्ष की भाँति अष्टमी तिथि को होने वाला माता का विशेष श्रृंगार इस वर्ष भी किया जायेगा जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है वाहन पार्किंग एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु पुलिस व्यवस्था की गई है।

पिपरवाह बाईपास के पास चलती बाइक से गिरी युवती, समाजसेवियों ने पहुंचाया अस्पताल



अमानगंज। पिपरवाह बाईपास के पास चलती बाइक से गिरने के कारण एक 18 वर्षीय युवती घायल हो गई। घटना के बाद मौके पर पहुंचे समाजसेवियों ने तत्परता दिखाते हुए घायल युवती को अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, घायल युवती की पहचान किरण अहिरवार, पिता दुलारे लाल अहिरवार, उम्र 18 वर्ष, निवासी जसवंतपुरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवती बाइक से अमानगंज से अपने गांव जसवंतपुरा जा रही थी। इसी दौरान पिपरवाह बाईपास के पास वह चलती बाइक से गिरकर घायल हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे समाजसेवियों ने मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए घायल युवती को तत्काल अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, जिसके बाद बेहतर इलाज के लिए उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

अमानगंज में भक्तिमय भजनों से गूंजा नगर परिषद परिसर

अमानगंज। शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर परिषद कार्यालय परिसर, अमानगंज में सप्तमी तिथि की शुभ संध्या पर भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। माँ जगदम्बे की भक्ति से सराबोर इस आयोजन में भक्तिमय वातावरण बना रहा। आयोजन का उद्देश्य श्रद्धालुओं को माँ जगत जननी की आराधना से जोड़ना और धार्मिक आस्था को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम नगर परिषद अमानगंज की अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटिक एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि कपूर गड़पाले के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं को भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक आनंद से जुड़ने का अवसर मिला। नगर परिषद द्वारा आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम ने नवरात्रि के पावन पर्व की आध्यात्मिक छटा को और भी विशेष बना दिया।

कायस्थ महिला मंडल ने मनाया गरबा महोत्सव



पन्ना। श्री चित्रगुप्त जी मंदिर, पन्ना में 17 अक्टूबर को कायस्थ महिला मंडल के तत्वावधान में गरबा महोत्सव हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में आयोजित किया गया। महोत्सव का शुभारंभ शाम 6 बजे भजन संध्या के साथ हुआ। भक्तिमय भजनों से मंदिर परिसर गूंज उठा और वातावरण श्रद्धा एवं भक्ति से सराबोर हो गया। इसके पश्चात रात्रि 8 बजे गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक गरबा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की आकर्षक पारंपरिक वेशभूषा, सुंदर श्रृंगार और उत्साहपूर्ण प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। गरबा नृत्य के दौरान पूरे परिसर में उमंग और उल्लास का माहौल बना रहा।

पवई नगर के कचरा निष्पादन के लिए बनाए गए कचरा घर का विरोध

ग्रामीणों का आरोप कचरा के प्रदूषण से हुई मौत

सड़क पर शव रखकर किया विरोध प्रदर्शन

पवई। नगर परिषद द्वारा पवई नगर के कचरा निष्पादन के लिए मोहन्द्रा मार्ग पर ग्राम पंचायत खमरिया में कचरा घर का निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसमें पवई नगर के कचरे को फेंका जाता है एवं जलाया जाता है। रविवार को आदिवासी मोहल्ला के एक युवक भाई लाल आदिवासी पिता मर्री आदिवासी उम्र 27 वर्ष निवासी महेड़ा की मौत हो गई,जिसका खमरिया के लोगों व आदिवासी परिवार ने बीच सड़क पर ही शव रख कर जाम लगा दिया,जिससे दोनों और वाहनों की लंबी लाइन लग गई,मौके पर पहुंची तहसीलदार रत्न राशि पांडे,



थाना प्रभारी सुशील कुमार अहिरवार दलबल के साथ पहुंचे एवं लोगों को समझा इस दी गई। उन्होंने ग्रामीणों को समझाया कि आपकी जो मांग है उसको कलेक्टर तक पहुंचाई जाएगी और समस्या



समाधान का आश्वासन दिया ।तब कहीं जाकर ग्रामीण जन माने। ग्रामीणों का आरोप है कि इस कचरा घर से क्षेत्र में प्रदूषण फैलता है जिससे गांव में बीमारियां फैल रही हैं।

सेवा दल ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. धर्मराज कश्यप के सुपुत्र के तिलक उत्सव में उमड़ा जनसैलाब, कांग्रेस दिग्गजों ने दीं शुभकामनाएं



गुनौर। कांग्रेस सेवा दल गुनौर के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. धर्मराज कश्यप के छोटे सुपुत्र के तिलक उत्सव का भव्य आयोजन हर्षोल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस मांगलिक बेला पर कश्यप परिवार को बधाई देने के लिए क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, मित्रों सहित कांग्रेस पार्टी के तमाम दिग्गज नेताओं और कार्यकर्ताओं का तांता लगा रहा। समारोह में विशेष रूप से पहुंचे पूर्व विधायक महेंद्र बागरी सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने तिलक की रस्म में शामिल होकर वर-पुत्र को सुखी वैवाहिक जीवन, दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य का आत्मीय आशीर्वाद दिया। इस दौरान पूरा पंडाल बधाई गीतों और स्नेहिल माहौल से सराबोर रहा। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने डॉ. धर्मराज कश्यप और उनके परिजनों को गले मिलकर इस शुभ अवसर की बधाई दी। उत्सव में शामिल सभी अतिथियों ने सुरुचिपूर्ण प्रीतिभोज का आनंद लिया और परिवार के साथ खुशियां साझा कीं। इस सफल और भव्य आयोजन के समापन पर डॉ. धर्मराज कश्यप, पूर्व विधायक महेंद्र बागरी, बाबू लाल पौराणिक, अरुण कुमार गौतम, संतोष लोधी, राम बहादुर त्रिवेदी, सेवालाल पटेल, संजय तिवारी, राजू जैन, कुलदीप सिंह, प्रमोद त्रिपाठी, आशीष तिवारी, रूपनारायण द्विवेदी, मनीष कुमार यादव, धीरेंद्र कुमार गर्ग, रामस्वरूप पटेल, रूप सिंह और उमेश गुप्ता ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों, कांग्रेस परिवार के साथियों तथा शुभचिंतकों का हृदय से आभार व धन्यवाद व्यक्त किया।

सुंगरहा में भक्ति की बही बयार, रजक नवदुर्गा उत्सव समिति के पंडाल में उमड़ रहा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

मां दुर्गा की पूजा-अर्चना से भक्तिमय हुआ गांव, पंडित रामप्रकाश द्विवेदी करा रहे विधि-विधान से पूजन



गुनौर। नवरात्रि के पावन अवसर पर गांव-गांव में मां दुर्गा की आराधना और भक्ति का माहौल देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में सुंगरहा गांव में रजक नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा स्थापित मां दुर्गा के भव्य पंडाल में श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बन रही है। पंडाल में विराजमान मां दुर्गा के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। पूरा गांव माता रानी की भक्ति में सराबोर नजर आ रहा है। रजक नवदुर्गा उत्सव समिति के पंडाल में प्रतिदिन विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की जा रही है। धार्मिक मंत्रोच्चार और पूजन के बीच श्रद्धालु माता रानी के दर्शन कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। नवरात्रि के चलते गांव में उत्सव जैसा माहौल बना हुआ है और श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ पंडाल की रौनक बढ़ा रही है।

पंडित रामप्रकाश द्विवेदी करा रहे पूजा, बबलू रजक कर रहे माता की सेवा-

पंडाल में पंडित रामप्रकाश द्विवेदी द्वारा विधि-विधान के साथ मां दुर्गा की पूजा-अर्चना संपन्न कराई जा रही है। वहीं, पंडा स्वामीदीन उर्फ बबलू रजक पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ माता रानी की सेवा में जुटे हुए हैं। समिति के आयोजन में ग्रामीणों की सहभागिता और श्रद्धालुओं की आस्था से पूरे गांव का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। नवरात्रि के इस पावन पर्व पर मां दुर्गा के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था देखने को मिल रही है। सुबह से लेकर शाम तक पंडाल में भक्तों का आना-जाना लगा रहता है। माता रानी के जयकारों से वातावरण गूंज उठता है और हर ओर भक्ति, श्रद्धा एवं उल्लास का संगम दिखाई दे रहा है।

महेबा चौकी प्रभारी रजनी समाधिया का ककरहटी चौकी के लिए हुआ स्थानांतरण थाना प्रभारी हेमंत नायक की मौजूदगी में आयोजित हुआ विदाई समारोह



अमानगंज। पुलिस विभाग में स्थानांतरण एक सामान्य प्रक्रिया है, लेकिन अपने कार्यकाल के दौरान बेहतर कार्यशैली, कर्तव्यनिष्ठा और व्यवहार से लोगों के दिलों में जगह बनाने वाले अधिकारियों की विदाई यादगार बन जाती है। ऐसा ही नजारा अमानगंज थाना परिसर में देखने को मिला, जहां महेबा चौकी प्रभारी रजनी समाधिया के स्थानांतरण पर भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। रजनी समाधिया का स्थानांतरण महेबा चौकी से ककरहटी चौकी के लिए हुआ है। अमानगंज थाना प्रभारी हेमंत नायक की मौजूदगी में आयोजित इस समारोह में उनके 11 माह के कार्यकाल पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान उनके कार्यकाल, कर्तव्यनिष्ठा और पुलिस विभाग में दिए गए योगदान को याद किया गया। उपस्थित पुलिसकर्मियों ने उनके साथ बिताए समय के अनुभव साझा करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर थाना प्रभारी हेमंत नायक ने रजनी समाधिया के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने महेबा चौकी में अपने 11 माह के कार्यकाल के दौरान पूरी जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य किया। पुलिस विभाग में स्थानांतरण एक प्रक्रिया है और हर अधिकारी को नई जगह पर नई जिम्मेदारियां निभाने का अवसर मिलता है। उन्होंने रजनी समाधिया के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वे ककरहटी चौकी में भी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगी। विदाई समारोह के दौरान पुलिसकर्मियों ने रजनी समाधिया को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर माहौल भावुक नजर आया। 11 माह के कार्यकाल की यादों के साथ उन्हें विदाई दी गई और ककरहटी चौकी में उनके आगामी कार्यकाल के सफल रहने की कामना की गई।

पिस्टा में विराट इनामी महादंगल संपन्न दर्शकों की उमड़ी भीड़, महिला पहलवानों के मुकाबले रहे आकर्षण का केंद्र



पन्ना। जिले के अजयगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम पिस्टा में 17 अक्टूबर 2026 को अंतरराज्यीय विराट इनामी महादंगल का भव्य आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा सहित विभिन्न राज्यों के नामी पहलवानों ने हिस्सा लेकर अपने दांव-पेंच और कुश्ती कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। दंगल को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। आयोजकों के अनुसार, कार्यक्रम में बीस हजार से अधिक दर्शकों की भीड़ उमड़ी। दंगल का आयोजन कांग्रेस नेता, पूर्व जनपद अध्यक्ष एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी भरत मिलन पांडे के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूर्व विधायक विक्रम सिंह उर्फ नाती राजा और कांग्रेस नेता केसु राजा उपस्थित रहे।

महिला पहलवानों की कुश्ती ने बांधा समां- विराट महादंगल में महिला और पुरुष पहलवानों के बीच हुए रोमांचक मुकाबले दर्शकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहे। विशेष रूप से महोबा के राजू पहलवान और वाराणसी की महिला पहलवान के बीच हुए मुकाबले को देखने के लिए दर्शकों में खासा उत्साह दिखाई दिया। पहलवानों के दांव-पेंच पर पूरा मैदान तालियों और उत्साहवर्धन के स्वरों से गूंजता रहा। दर्शकों ने हर मुकाबले का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण पन्ना जिले के पहलवान दशरथ यादव और उत्तर प्रदेश के पहलवान के बीच हुआ रोमांचक मुकाबला रहा। दोनों पहलवानों ने अपनी ताकत और कुश्ती कौशल का प्रदर्शन करते हुए एक-दूसरे को कड़ी चुनौती दी। संघर्षपूर्ण मुकाबले के बाद दशरथ पहलवान ने अपने प्रतिद्वंद्वी को चित कर दिया। उनकी इस जीत पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

सज्जन सिंह वर्मा ने की आयोजक की सराहना- कार्यक्रम में उमड़ी विशाल भीड़ और पहलवानों के शानदार प्रदर्शन को देखकर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कार्यक्रम के आयोजक भरत मिलन पांडे की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देते हैं। कुश्ती जैसे पारंपरिक खेलों के माध्यम से युवा पीढ़ी को अपनी प्रतिभा दिखाने और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

भारत मिलन पांडे ने जताया आभार- विराट इनामी महादंगल में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता से उत्साहित आयोजक भरत मिलन पांडे ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों, पहलवानों, सहयोगियों और दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने सभी का हाथ जोड़कर धन्यवाद किया। ग्राम पिस्टा में आयोजित इस महादंगल ने एक बार फिर बुंदेलखंड की पारंपरिक कुश्ती संस्कृति और ग्रामीण खेल प्रतिभाओं के प्रति लोगों के उत्साह को प्रदर्शित किया। आयोजन की क्षेत्र में जमकर सराहना की गई।।

पैराहा गांव में वन भूमि पर वृक्षारोपण के दौरान विवाद, कुल्हाड़ी, हंसिया और लाठियों से मारपीट करने का आरोप; 13 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज







अतिक्रमण हटाने और वृक्षारोपण कराने पहुंची वन विभाग की टीम पर हमला, कई वनकर्मी एवं ग्रामीण घायल

पन्ना।

जिले के अजयगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पैराहा में वन भूमि पर वृक्षारोपण कराने पहुंची वन विभाग की टीम पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, बीट मझपटिया के वन कक्ष क्रमांक पी-213 स्थित 30 हेक्टेयर बडच। भूमि पर वृक्षारोपण का कार्य कराया जा रहा था। इसी दौरान कुछ ग्रामीणों ने कथित तौर पर वन विभाग की टीम के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। घटना में कई वनकर्मियों एवं सुरक्षा श्रमिकों को चोटें आई हैं।

शासकीय कार्य के दौरान हुआ विवाद-

प्राप्त जानकारी के अनुसार, वनमंडल अधिकारी उत्तर वनमंडल पन्ना के पत्र क्रमांक 1510, दिनांक 16 अक्टूबर 2026 तथा वन परिक्षेत्र अधिकारी अजयगढ़ के पत्र क्रमांक 1843, दिनांक 16 अक्टूबर 2026 के संदर्भ में वन विभाग की टीम ग्राम पैराहा स्थित बीट मझपटिया के कक्ष क्रमांक पी-213 में वृक्षारोपण कार्य के लिए पहुंची थी। फरियादी बसंतलाल वर्मा, उम्र 47 वर्ष, वनरक्षक एवं बीट गार्ड बृजपुर, वन परिक्षेत्र देवेन्द्रनगर, उत्तर वनमंडल पन्ना ने पुलिस को बताया कि ड्यूटी के दौरान कुछ पुरुषों एवं महिलाओं ने टीम के सदस्यों के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि ग्रामीणों ने वहां वृक्षारोपण नहीं होने देने की बात कहते हुए लाठी-डंडों, कुल्हाड़ी एवं हंसिया से हमला कर दिया। हमले में दोनों पक्ष वनकर्मी एवं ग्रामीण घायल हुए है।

घटना के संबंध में ग्रामीणों बताया गया कि पेराहा गांव में करीब 30 हेक्टेयर वन भूमि पर पटेल समाज के लोग लंबे समय से खेती कर रहे थे।। छतरपुर और पन्ना रेंज के अधिकारियों तथा भारी पुलिस बल की मौजूदगी में इस भूमि से अवैध कब्जा हटाकर आनन-फानन में पौधरोपण कराया जा रहा था, जिसका ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया और मामला हिंसक झड़प में बदल गया। अस्पताल में भर्ती घायल ग्रामीण विनोद पटेल ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने बिना किसी पूर्व नोटिस के सुबह-सुबह जबरन कार्रवाई की और विरोध करने पर महिलाओं तथा ग्रामीणों की लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई की, जिससे सोना पटेल, दिनेश पटेल, राधा पटेल और रजनीश पटेल सहित 20 से अधिक लोग घायल हो गए।

बचाने पहुंचे कर्मचारियों के साथ भी मारपीट का आरोप-

शिकायत के मुताबिक, हमले के दौरान बसंतलाल वर्मा के सिर में चोट लगी, जिससे खून निकलने लगा। उन्हें बचाने पहुंचीं भारती कुमार, वनपाल, वन परिक्षेत्र पवई, दक्षिण वनमंडल पन्ना तथा सुरक्षा श्रमिक बाबूलाल केवट सहित अन्य वनकर्मियों के साथ भी मारपीट की गई। घटना में भारती कुमार के बाएं गाल और दोनों हाथों में चोटें आने की बात शिकायत में कही गई है। वहीं बाबूलाल केवट के पेट, दोनों हाथों एवं पीठ में चोटें आने का उल्लेख है। इसके अतिरिक्त रावेन्द्र बागरी, मुरलीधर अहिरवार और अर्पित चौरसिया सहित अन्य वनकर्मियों को भी शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें आने की जानकारी दी गई है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि हमलावरों ने वन विभाग की टीम को जान से मारने की धमकी दी और भविष्य में वृक्षारोपण के लिए आने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी।

13 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज-

फरियादी की रिपोर्ट के अनुसार, घटना में ग्राम पैराहा निवासी जगन्नाथ पटेल, बृजेश पटेल, रोहित पटेल, भैया जी पटेल, राकेश पटेल, जयकरण पटेल, राजकरण पटेल, दयाराम पटेल, शिवकुमार पटेल, विनोद पटेल, द्वारका पटेल, मनीषा पटेल, शिवरतिया पटेल एवं आरती पटेल के नाम सामने आए हैं। पुलिस कार्रवाई- अजयगढ़ थाने में प्राप्त शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 296(बी), 115(2), 118(1), 351(3), 132, 121(1), 190, 191(2) एवं 191(3) के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। वन विभाग की टीम पर हुए इस कथित हमले ने शासकीय कार्य के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े किए हैं। मामले में पुलिस जांच के बाद ही घटना की पूरी स्थिति और आरोपों की पुष्टि हो सकेगी।

खबर संक्षेप



खजुराहो में वेलनेस सेंटर के नाम से बिना एनओसी के हो रहा निर्माण

वार्ड वासी ने रास्ता बंद होने पर निर्माण पर जताई आपत्ति

खजुराहो। विश्व पर्यटन स्थल खजुराहो में मध्य प्रदेश शासन के पर्यटन विभाग द्वारा कानूनों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। खजुराहो के बाईपास रोड पर पर्यटन विभाग द्वारा वेलनेस सेंटर के नाम से बिल्डिंग का निर्माण बिना किसी एनओसी के किया जा रहा है जबकि पर्यटन स्थल खजुराहो में कोई भी निर्माण बिना एनओसी के नहीं हो सकता है। ऐसे में पर्यटन विभाग द्वारा ही खुलेआम नियमों की धज्जियाँ उड़ाई जा रही है। आम जनता की तो बात ही दूर है। उक्त जानकारी सूचना के अधिकार से प्राप्त हुई है कि पर्यटन विभाग द्वारा वेलनेस सेंटर के नाम से जो निर्माण किया जा रहा है वो बिना किसी भी विभाग के एनओसी प्राप्त किए बिना खुलेआम किया जा रहा है। इस संबंध में सागर पर्यटन विभाग के कार्यपालन यंत्री अनूप गुप्ता द्वारा बताया गया कि ये केंद्र के आयुष विभाग की बिल्डिंग का निर्माण किया जा रहा है जिसमें केवल हमारी जमीन पर हमे केवल नक्शा के अनुसार निर्माण किया जा रहा है और सारी एनओसी बस प्राप्त होने ही वाली है। वही रास्ते संबंधी कोई आपत्ति के बारे में उन्हें कोई जानकारी होने से इंकार किया है। वही वार्ड वासी लोगों द्वारा निर्माण होने पर रास्ता बंद होने के कारण परेशानी होने पर, रास्ता दिए जाने संबंधी कारणों से, पर्यटन विभाग, राजनगर तहसीलदार, राजनगर एसडीएम, कलेक्टर तक को भी ज्ञापन सौंपा गया है परंतु अभी तक इस संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने बिना वैध खाद्य पंजीयन के संचालित केला पकाने की इकाई बंद कराई

कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने के.जी.एन बनाना राइपनिंग स्टोर पर की कार्रवाई



छतरपुर। कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने मुक्तिधाम के पास ईदगाह रोड पर संचालित केला पकाने की इकाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इकाई बिना वैध खाद्य अनुज्ञप्ति अथवा पंजीयन के संचालित होना पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.के. तिवारी द्वारा किए गए निरीक्षण में सामने आया कि संबंधित इकाई में एक गोदाम में बने शीत कक्षों में केले पकाने का कार्य कर रही थी। यह इकाई के.जी.एन बनाना राइपनिंग स्टोर के नाम से संचालित थी। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित संचालक द्वारा खाद्य व्यवसाय संचालन के लिए आवश्यक वैध अनुज्ञप्ति अथवा पंजीयन संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। इस पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा बिना वैध दस्तावेजों के खाद्य व्यवसाय संचालित करने पर प्रकरण दर्ज किया गया। साथ ही, वैध दस्तावेज प्रस्तुत किए जाने तक इकाई को शटडाउन कर बंद करा दिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री तिवारी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा मानकों एवं निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

पुलिस को सोता छोड़ हथकड़ी खोल भागा लुटेरा, दूसरे दिन भी खाली हाथ पुलिस!

छतरपुर। जिले क़े बमीठा थाना क्षेत्र के खैरी के पास हुई लूट की वारदात में गिरफ्तार आरोपी शनि शर्मा उर्फ बावरिया के पुलिस अभिरक्षा से फरार होने के मामले में दूसरे दिन भी पुलिस को कोई सुराग नहीं मिल सका है। आरोपी की तलाश में बमीठा थाना प्रभारी सहित पुलिस की कई टीमें ग्वालियर और अन्य संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। आरोपी के फरार होने से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं सुरक्षा व्यवस्था और पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर की सनातन रथ यात्रा के दौरान खैरी के पास लूट की वारदात हुई थी। इस मामले में गिरफ्तार शनि शर्मा उर्फ बावरिया को उपचार के लिए ग्वालियर ले जाया गया था। आरोप है कि आरोपी को लेकर गए तीन आरक्षक उसे सुरक्षित स्थान पर रखने के बजाय होटल में



खाना खाने के बाद एक रिश्तेदार के फ्लैट पर पहुंच गए। यहां पुलिसकर्मियों के सो जाने का फायदा उठाकर आरोपी फरार हो गया।

बताया जा रहा है कि आरोपी ने पुलिसकर्मियों की जेब से हथकड़ी की चाबी निकाली और हथकड़ी खोलकर मौके से भाग निकला। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। फरार आरोपी की तलाश के लिए अलग-अलग टीमें गठित कर ग्वालियर सहित अन्य संभावित स्थानों पर सर्चिंग की जा रही है। फ्लैट के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, लेकिन दूसरे दिन तक पुलिस को आरोपी के संबंध में कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी।

छतरपुर जिले में पुलिस अभिरक्षा से कैदी के फरार होने की यह घटना सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है। इससे पहले अस्पताल में भर्ती एक कैदी पुलिस की निगरानी के दौरान रायफल लेकर फरार हो गया था। बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया था और लापरवाही के मामले में संबंधित पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई भी हुई थी। इसके बावजूद एक बार फिर आरोपी के फरार होने की घटना सामने आने से पुलिस की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं।

खेत पर काम करते समय फैला करंट छोटे भाई को बचाने दौड़े बड़े भाई की मौत

छतरपुर जिले के सटई थाना क्षेत्र से एक बेहद दुखद घटना सामने आई है, जहां खेत पर कृषि कार्य के दौरान फैले बिजली के करंट ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। सटई निवासी महेन्द्र पटेल और उनके छोटे भाई सोनू पटेल अपने खेत पर बिजली से संबंधित कोई कार्य कर रहे थे। काम के दौरान ही अचानक सोनू पटेल करंट की चपेट में आ गए।

भाई को तड़पता देख बचाने पहुंचा था महेन्द्र, खुद आ गया चपेट में

जैसे ही महेन्द्र पटेल ने अपने छोटे भाई सोनू को करंट से तड़पते देखा, वह बिना अपनी जान की परवाह किए उसे बचाने के लिए दौड़ पड़ा। हालांकि, सोनू को बचाने के प्रयास में महेन्द्र पटेल खुद भी करंट की भीषण चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए।

जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने किया मृत घोषित

घटना के तुरंत बाद परिजन दोनों भाइयों को इलाज



के लिए सटई अस्पताल लेकर पहुंचे। हादसे में सोनू पटेल को मामूली चोटें आईं, जिनका सटई अस्पताल में ही प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं महेन्द्र पटेल की स्थिति अत्यंत गंभीर होने के कारण परिजन उन्हें तत्काल सटई से जिला अस्पताल छतरपुर लेकर पहुंचे। हालांकि, तब तक काफी देर हो चुकी थी और डॉक्टरों ने परीक्षण के उपरांत महेन्द्र पटेल को मृत घोषित कर दिया। युवा पुत्र की असामयिक मृत्यु से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

संकट मोचन मंदिर के महंत को फूल-माला और शॉल भेंट कर किया गया सम्मानित

छतरपुर। शहर में छत्तीसगढ़ गो सेवा आयोग के उपाध्यक्ष और राज्य मंत्री तथा संकट मोचन मंदिर के महंत श्री राजीव लोचन दास जी महाराज का प्रथम नगर आगमन बड़े उत्साह के साथ हुआ। उनके आगमन पर स्थानीय नागरिकों द्वारा उनका भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। इस दौरान उपस्थित जनों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाईं और शॉल ओढ़ाकर उनका आत्मीय स्वागत व सम्मान किया।



स्वागत कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेंद्र अग्रवाल और मुन्ना तिवारी सहित अनेक लोग अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

दिल्ली के प्रदर्शन और राजनीतिक हालातों पर बोले महंत: रावण दहन के साथ होना चाहिए कॉकरोच का भी दहन। मीडिया से बातचीत के दौरान महंत राजीव लोचन दास जी महाराज ने दिल्ली में हो रहे प्रदर्शनों और मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य पर तीखा बयान दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस बार केवल रावण का ही नहीं, बल्कि कॉकरोच रूपी नकारात्मक ताकतों का भी दहन होना चाहिए। उन्होंने देश की युवा शक्ति और सनातन संस्कृति को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि देश विरोधी ताकतों को जनता खुद सबक सिखाने के लिए पूरी तरह तैयार बैठी है।

महिला आरक्षक से चेन स्नैचिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने नगदी बरामद की

छतरपुर। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत सटई रोड पर माह जुलाई में हुई चेन स्नैचिंग की वारदात में शामिल एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, जुलाई माह में जब एक महिला आरक्षक स्कूटी से अपने घर जा रही थीं, तभी मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात बदमाशों ने उनसे झपटमारी कर चेन स्नैचिंग की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री रजत सकलेचा ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी हेतु निर्देश जारी किए थे।



इसके बाद पुलिस टीम ने भौतिक व तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए आरोपियों की पहचान शुरू की। सघन जांच-पड़ताल के आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल एक आरोपी आकाश उर्फ छोटू शिवहरे (पिता भगवतदीन शिवहरे), निवासी पीतांबरा मंदिर के पास, सटई रोड, छतरपुर को धर दबोचा। आरोपी के पास से पुलिस ने नगद राशि बरामद कर ली है। वहीं, मामले में शामिल दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश कर दिया गया है। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी सिविल लाइन निरीक्षक आशुतोष श्रोत्रिय एवं उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही।

बुंदेलखंड की 122 वर्ष प्राचीन श्रीरामलीला के मंच पर रविवार रात....

हनुमानजी ने जलाई सोने की लंका, अंगद के निर्भीक संवाद से रावण के दरबार में मचा हलचल

नौगांव

नौगांव बुंदेलखंड क्षेत्र की 122 वर्ष ऐतिहासिक एवं प्राचीन श्रीरामलीला के मंच पर रविवार रात भक्ति, वीरता और रोमांच से भरपूर लंका दहन, विभीषण शरणागति, अंगद-रावण संवाद और नागपाश की लीलाओं का मंचन किया गया। हनुमानजी के अदम्य साहस और पराक्रम से लंका दहन का दृश्य जीवंत हुआ, वहीं विभीषण के प्रभु श्रीराम की शरण में आने के प्रसंग ने धर्म और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। अंगद-रावण संवाद में अंगद की निर्भीकता और रावण के अहंकार का प्रभावशाली चित्रण हुआ। नागपाश की लीला ने दर्शकों को रामकथा के युद्ध प्रसंगों से जोड़े रखा।

रविवार रात श्रीरामलीला के मंच पर माता सीता की खोज में लंका पहुंचे हनुमानजी ने अशोक वाटिका में माता सीता से भेंट कर प्रभु श्रीराम का संदेश दिया। इसके बाद रावण के सैनिकों द्वारा पकड़े जाने और उनकी पूंछ में आग



लगाने के प्रसंग का मंचन हुआ। हनुमानजी ने इसी अग्नि से सोने की लंका को जला दिया। लंका दहन के दृश्य में हनुमानजी का साहस, बुद्धिमत्ता और प्रभु श्रीराम के प्रति समर्पण देखने को मिला। इस प्रसंग ने संदेश दिया कि अन्याय और अहंकार का अंत निश्चित है।

विभीषण शरणागति की लीला में रावण की नीतियों से असहमत विभीषण ने उसे माता सीता को सम्मानपूर्वक लौटाने और प्रभु श्रीराम से वैर समाप्त करने की सलाह दी। रावण द्वारा उनकी बात नहीं मानने पर विभीषण ने उसका साथ छोड़कर प्रभु श्रीराम की शरण ग्रहण की। श्रीराम ने शरण में आए विभीषण को स्वीकार कर उदारता और धर्मपालन का आदर्श प्रस्तुत किया।

अंगद-रावण संवाद में दिखा अहंकार और निर्भीकता का संघर्ष

अंगद-रावण संवाद की लीला में प्रभु श्रीराम के दूत के रूप में अंगद लंका के दरबार पहुंचे। उन्होंने रावण को माता सीता को लौटाकर युद्ध टालने की सलाह दी। रावण के अहंकार और अंगद की निर्भीकता के बीच हुए संवाद ने मंच पर रोमांच पैदा किया। इस प्रसंग ने संदेश दिया कि अहंकार व्यक्ति के विवेक को नष्ट कर देता है। नागपाश के प्रसंग में युद्ध के दौरान मेघनाद द्वारा श्रीराम और लक्ष्मण को नागपाश में बांधने का दृश्य मंचित किया गया। इस लीला ने रामसेना के सामने आई चुनौती और युद्ध की गंभीरता को दर्शाया।

आज होगा लक्ष्मण शक्ति, कुंभकर्ण वध और मेघनाद वध का मंचन -

श्रीरामलीला समिति से जुड़े पुलकित श्रीवास्तव ने बताया कि सोमवार को लक्ष्मण शक्ति, कुंभकर्ण वध, मेघनाद वध सहित अन्य लीलाओं का मंचन किया जाएगा। इन प्रसंगों में लंका युद्ध के रोमांचक दृश्य, मेघनाद के शक्ति प्रहार से लक्ष्मण के मूर्छित होने और हनुमानजी द्वारा संजीवनी बूटी लाने की लीला प्रमुख आकर्षण रहेगी। उन्होंने धर्मप्रेमियों से परिवार सहित रामलीला देखने पहुंचने की अपील की।

समिति अध्यक्ष विनोद मेहरोत्रा ने कहा कि श्रीरामलीला हमारी धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा, त्याग, कर्तव्य और धर्म की रक्षा की प्रेरणा देता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आगामी लीलाओं में शामिल होकर आयोजन की शोभा बढ़ाने का आग्रह किया।

श्री अन्नपूर्णा रामलीला में विभीषण शरणागति सेतुबंध स्थापना और अंगद-रावण संवाद की हुई लीला

19 अक्टूबर को मेघनाद वध, अहिरावण वध और राम-रावण युद्ध की लीला

छतरपुर। श्री अन्नपूर्णा रामलीला समिति, गल्ला मंडी छतरपुर के तत्वावधान में आयोजित श्री अन्नपूर्णा रामलीला में भगवान श्रीराम के वनवास, लंका विजय और धर्म की अधर्म पर विजय के प्रसंगों का प्रभावशाली मंचन किया जा रहा है। रामलीला में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर प्रभु श्रीराम की लीलाओं का दर्शन कर रहे हैं। स्थानीय कलाकार अपनी अभिनय कला के माध्यम से रामायण के प्रसंगों को जीवंत बना रहे हैं।

रामलीला के दौरान विभीषण शरणागति, सेतुबंध स्थापना और अंगद-रावण संवाद की महत्वपूर्ण लीलाओं का मंचन किया गया। इन प्रसंगों में भगवान श्रीराम की शरणागत वत्सलता, वानर सेना के सामूहिक परिश्रम और रावण के दरबार में अंगद द्वारा धर्म एवं सत्य का संदेश देने का प्रभावशाली चित्रण देखने को मिला। लंका में रावण की अनुचित नीतियों और माता सीता को वापस न लौटाने के निर्णय का विरोध करते हुए विभीषण भगवान श्रीराम की शरण में पहुंचते हैं। भगवान श्रीराम विभीषण को अपनाकर यह संदेश देते हैं कि जो व्यक्ति सच्चे मन से उनकी शरण में आता है, उसकी रक्षा करना उनका धर्म है। इस प्रसंग ने दर्शकों को भक्ति, विश्वास और सदाचार की प्रेरणा दी।

सेतुबंध स्थापना से दिखाई वानर सेना की एकजुटता

माता सीता की खोज के बाद लंका पहुंचने के लिए समुद्र पर सेतु निर्माण का प्रसंग भी आकर्षण का केंद्र रहा। वानर सेना के सहयोग और सामूहिक प्रयासों से सेतुबंध की स्थापना का मंचन किया गया। इस लीला के माध्यम से एकता, संगठन और दृढ़ संकल्प की शक्ति को दर्शाया गया।

अंगद-रावण संवाद की लीला में भगवान श्रीराम के दूत के रूप में अंगद लंका पहुंचकर रावण को समझाते हैं कि वह माता सीता को सम्मानपूर्वक श्रीराम को लौटा दे और विनाश का मार्ग छोड़ दे। अहंकार में डूबा रावण अंगद की बात स्वीकार नहीं करता। संवाद के दौरान अंगद का आत्मविश्वास, रावण का



अहंकार और दोनों पक्षों के बीच तीखे तर्क दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रहे। यह प्रसंग बताता है कि अहंकार और अन्याय का अंत निश्चित है।

19 अक्टूबर को होगा मेघनाद वध, अहिरावण वध और राम-रावण युद्ध

रामलीला के अगले चरण में सोमवार, 19 अक्टूबर को मेघनाद वध, अहिरावण वध और राम-रावण युद्ध की लीला का मंचन किया जाएगा। इन प्रसंगों में लंका युद्ध के निर्णायक घटनाक्रमों और भगवान श्रीराम की विजयगाथा का चित्रण देखने को मिलेगा। श्री अन्नपूर्णा रामलीला समिति, गल्ला मंडी छतरपुर ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे सपरिवार रामलीला में पहुंचकर धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ें और प्रभु श्रीराम की लीलाओं का पुण्य लाभ प्राप्त करें।

जानराय टोरिया में सुंदरकांड पाठ व महाआरती के एक वर्ष पूर्ण, धूमधाम से मनाया गया वार्षिक महोत्सव

छतरपुर। शहर के महोबा रोड स्थित प्रसिद्ध जानराय टोरिया मंदिर में प्रत्येक शनिवार को आयोजित होने वाले सुंदरकांड पाठ, महाआरती एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का एक वर्ष सफलतापूर्वक संपन्न होने के उपलक्ष्य में आजानभुज सरकार पंचमुखी हनुमान मंदिर सेवा समिति द्वारा भव्य वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया। शनिवार, 17 अक्टूबर



को आयोजित यह वार्षिक महोत्सव दोपहर 3 बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ के साथ प्रारंभ हुआ। इसके पश्चात सायं 6 बजे उपस्थित सैकड़ों हनुमान भक्तों ने एक साथ महाआरती कर हनुमान जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। महाआरती के उपरांत मंदिर पहुंचे सभी श्रद्धालुओं को समिति के सदस्यों द्वारा महाप्रसाद का वितरण किया गया, जो देर रात तक अनवरत रूप से चलता रहा। इस विशेष आयोजन में शामिल होने के लिए दूर-दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इतना ही नहीं, पड़ोसी देश नेपाल से भी भक्तों का आगमन हुआ, जिन्होंने इस आयोजन की व्यवस्थाओं और भक्तिमय वातावरण की भूरी-भूरी सराहना की। समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया कि यह धार्मिक आयोजन प्रत्येक शनिवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाता है। कोई भी धर्मप्रेमी अपने जन्मदिन, शादी की सालगिरह या अन्य विशेष अवसरों पर यजमान बनकर सुंदरकांड पाठ, महाआरती एवं प्रसाद वितरण का आयोजन करवा सकते हैं। इसके माध्यम से श्रद्धालु धर्म लाभ अर्जित करने के साथ-साथ सनातन संस्कृति के संवर्धन में अपना योगदान दे सकते हैं।

तीन स्वरूपों में दर्शन देती हैं माता, 300 साल पुराना है इतिहास

छतरपुर। बुंदेलखंड की धार्मिक नगरी छतरपुर के जवाहर रोड पर स्थित मां खेरे की देवी मंदिर श्रद्धालुओं की अटूट आस्था का प्रमुख केंद्र है। करीब 300 वर्ष पुराने इस प्राचीन मंदिर में माता के दर्शन के लिए वर्षभर भक्तों का तांता लगा रहता है। धार्मिक मान्यता है कि मां खेरे की देवी प्रतिदिन तीन अलग-अलग रूपों में भक्तों को दर्शन देती हैं—सुबह बाल स्वरूप, दोपहर में युवा अवस्था और रात्रि में वृद्ध स्वरूप।



स्थानीय इतिहास के अनुसार, इस सिद्ध प्रतिमा की स्थापना बुंदेलखंड के महान शासक महाराजा छत्रसाल ने अपने गुरु की प्रेरणा से कराई थी। खेरे यानी गांवों और क्षेत्र की रक्षा करने वाली ग्रामदेवी के रूप में पूजी जाने वाली माता के विषय में श्रद्धालुओं का अटूट विश्वास है कि वे पूरे नगर की रक्षा करती हैं। मंदिर परिसर में काल भैरव, बटुक भैरव और सूर्य भगवान भी विराजमान हैं।

मंदिर में नवरात्रि के दौरान विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाते हैं। चैत्र नवरात्रि में प्रज्ज्वलित अखंड ज्योत नौ दिनों तक निरंतर जलती रहती है।अष्टमी के दिन विशेष पूजा-अर्चना के साथ जवारे भी रखे जाते हैं। यह मंदिर बुंदेली लोकपरंपराओं से भी गहराई से जुड़ा है; विवाह के बाद नवविवाहित जोड़े यहां हाथे लगाने आते हैं तथा संतान प्राप्ति के बाद परिवार झूला-चंगेर लेकर माता का आशीर्वाद लेने पहुंचते हैं। पुजारी रज्जू महाराज के अनुसार, वर्षों से चली आ रही इन धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का निर्वहन आज भी पूरी श्रद्धा के साथ किया जा रहा है।

महाराजा छत्रसाल विश्वविद्यालय मार्ग पर अतिक्रमण का बोलबाला: रोज लग रहे लंबे जाम से राहगीर और छात्र परेशान

छतरपुर के प्रमुख महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय मार्ग पर अतिक्रमण और यातायात जाम की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर रूप धारण करती जा रही है। इस मुख्य मार्ग पर बेतरतीब कब्जे और अव्यवस्थित ढंग से रखे सामान के कारण सड़क पर वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही है, जिससे रोजाना सैकड़ों छात्र और आम नागरिक परेशान हो रहे हैं।स्थानीय निवासियों और राहगीरों के अनुसार, विश्वविद्यालय मार्ग पर स्थित स्वराज ट्रैक्टर एजेंसी के संचालक द्वारा बड़े पैमाने पर सड़क तक अतिक्रमण कर लिया गया है। एजेंसी के



बाहर रखे ट्रेक्टरों बड़े-बड़े डिब्बों और सड़क पर खड़े किए जाने वाले वाहनों के कारण मुख्य मार्ग का एक बड़ा हिस्सा घिर जाता है। इसके चलते सड़क काफी संकरी हो गई है और सामान्य यातायात के दौरान भी दोनों ओर से गाडिय़ों का निकलना दुश्वार हो जाता है।

प्रशासनिक अनदेखी से दुर्घटनाओं का बढ़ा अंदेशा

विश्वविद्यालय मार्ग शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक है, जहां से दिनभर विद्यार्थियों, प्रोफेसरों और आम जनता का आना-जाना लगा रहता है। अतिक्रमण और डिब्बों की वजह से पिक आवर्स में जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है, जिससे लोगों का समय तो नष्ट हो ही रहा है, साथ ही दुर्घटनाओं का खतरा भी लगातार बना हुआ है। क्षेत्रवासियों ने नगर पालिका और स्थानीय पुलिस प्रशासन से इस अतिक्रमण को तत्काल हटवाकर मार्ग सुचारु कराने की मांग की है।

खबर संक्षेप

22 से होगी रामलीला

रीवा। नवरात्रि पर्व में रानी तालाब कालिका माता का मंदिर भक्तों से भरा रहता है। यह मंदिर लाखों लोगों की आस्था का केन्द्र है। रानी तालाब मंदिर परिसर में 22 से 26 अक्टूबर तक भव्य श्री रामलीला उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसका आयोजन मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि रामलीला आयोजन के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए आयुक्त नगर निगम अक्षत जैन को नोडल अधिकारी तथा एसडीएम हुजूर जितेन्द्र तिवारी को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। दोनों अधिकारी कार्यक्रम स्थल में रामलीला उत्सव के लिए मंच, साफ-सफाई, पेयजल, बिजली एवं सुरक्षा का समुचित प्रबंध करें। संस्कृति परिषद द्वारा रामलीला उत्सव के आयोजन के लिए विकास तिवारी को सम्पूर्ण जिम्मेदारी दी गई है।

इंजीनियरिंग कॉलेज में 14 नए कोर्स शुरू



रीवा। शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय में तकनीकी शिक्षा के विस्तार की दिशा में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर 14 नए पाठ्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. आरपी तिवारी ने बताया कि स्नातक स्तर के पांच और स्नातकोत्तर स्तर के नौ पाठ्यक्रम शामिल हैं। प्रस्तावित विषयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी, ऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स, साइबर सिक्योरिटी और डेटा साइंस जैसे आधुनिक तकनीकी क्षेत्र शामिल हैं। बीते 4 जुलाई को हुई 23वीं बैठक में इन कोर्सों को शुरु करने प्रस्ताव भेजने के लिए सहमति बनी थी। इसमें विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता बढ़ाने और उद्योगों की बदलती जरूरतों के अनुरूप नए विषयों में पढ़ाई शुरू करने के लिए अनुमति देने संबंधी प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है। संस्थान में सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और कंप्यूटर साइंस से संबंधित इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम संचालित हैं। बदलती तकनीकी जरूरतों और उद्योगों की मांग को ध्यान में रखते हुए नए विषयों में पाठ्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव रखा गया है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को पारंपरिक इंजीनियरिंग शाखाओं के साथ उभरती तकनीकों से जुड़े अध्ययन के विकल्प उपलब्ध कराना है बता दे प्रस्तावित सूची में स्नातक स्तर के पांच पाठ्यक्रम शामिल हैं। इनमें माइनिंग इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग एआई व एमएल, इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी, ऑटोमेशन एंड रोबोटिक्स तथा फायर टेक्नोलॉजी एंड सेफ्टी इंजीनियरिंग शामिल हैं। इन विषयों के माध्यम से खनन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इलेक्ट्रिक वाहनों, औद्योगिक स्वचालन और अग्नि सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में तकनीकी शिक्षा के विकल्प विकसित करने की योजना है।बॉक्स *यूजी में नौ नए पाठ्यक्रमों की योजना*स्नातकोत्तर स्तर पर माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स एंड वीएलएसआई, डिजिटल कम्युनिकेशन, साइबर सिक्योरिटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंजीनियरिंग, मशीन डिजाइन एंड रोबोटिक्स, इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, एडवांस प्रोडक्शन सिस्टम तथा कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट प्रस्तावित हैं। यह पाठ्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और निर्माण तकनीक से जुड़े क्षेत्रों में उच्च शिक्षा के नए विकल्प उपलब्ध करा सकते हैं।

अनिश्चितकालीन जल सत्याग्रह शुरू



रीवा। जिले के सिरमौर क्षेत्र अंतर्गत रोजौही में प्रस्तावित टाटा पावर न्यूक्लियर पावर प्लांट के विरोध में स्थानीय आदिवासी ग्रामीणों का आंदोलन जारी है। परियोजना को लेकर ग्रामीणों की आशंकाओं और आपत्तियों के बीच अब आंदोलन को समर्थन देने के लिए आम आदमी पार्टी भी मैदान में उतर आई है। पार्टी के नेतृत्व में आंदोलन स्थल पर अनिश्चितकालीन जल सत्याग्रह शुरू किया गया है। आंदोलनकारियों ने प्रशासन से ग्रामीणों के साथ तत्काल संवाद स्थापित करने और उनकी मांगों का निराकरण करने की मांग उठाई है।कई दिनों से आंदोलन कर रहे ग्रामीण परियोजना से जुड़े विभिन्न पहलुओं को लेकर अपनी चिंताएं जाहिर कर रहे हैं। उनका कहना है कि किसी भी बड़े औद्योगिक प्रकल्प को लेकर स्थानीय लोगों की आशंकाओं को दूर करना और उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करना जरूरी है। इसी मुद्दे को लेकर अब जल सत्याग्रह के माध्यम से आंदोलन को आगे बढ़ाने की कोशिश की जा रही है।

वृक्ष धरती का श्रृंगार होने के साथ हमारे ऑक्सीजन का आधार हैं - उप मुख्यमंत्री जयंती कुंज में वन गौरव सम्मेलन आयोजित, उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी सम्मानित





रीवा। वन और पर्यावरण की रक्षा में वन कर्मचारियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। विषम परिस्थितियों और दुर्गम क्षेत्रों में काम करने वाले वनकर्मी प्राकृतिक संपदा को सुरक्षित रखने के साथ पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं। वन कर्मचारियों के इसी योगदान को रेखांकित करते हुए उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि वन और पर्यावरण के असली संरक्षक वन कर्मचारी हैं। इनके कठिन परिश्रम से ही विंध्य की समृद्ध वन संपदा का संरक्षण और संवर्धन संभव हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि वृक्ष धरती का श्रृंगार होने के साथ ही हमारे जीवन के लिए ऑक्सीजन का प्रमुख आधार हैं। इसलिए वनों की सुरक्षा और वृक्षारोपण को जनजीवन से जोड़कर देखना आवश्यक है। रविवार को रीवा के जयंती कुंज में आयोजित वन गौरव सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने वन कर्मचारियों के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें पर्यावरण संरक्षण का महत्वपूर्ण प्रहरी बताया। सम्मेलन में वन विभाग और वन कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी, अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान संगठन की ओर से कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं और लंबित मांगों को भी उप मुख्यमंत्री के सामने रखा गया। शुक्ल ने आश्वस्त किया कि इन मांगों को पूरा कराने के लिए उच्च अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। साथ ही मुख्यमंत्री से भी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेने का अनुरोध किया जाएगा। वन गौरव सम्मेलन से पहले उप मुख्यमंत्री ने जयंती कुंज परिसर में रुद्राक्ष का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर उन्होंने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पेड़-पौधे धरती की सुंदरता बढ़ाने के साथ मानव जीवन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन उपलब्ध कराते हैं। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में वनों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सम्मेलन में मध्यप्रदेश वन कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष पंकज पांडेय ने अतिथियों का स्वागत किया और कर्मचारियों के कल्याण से जुड़ी मांगें रखीं। उन्होंने कहा कि वन कर्मचारी भी कानून और वन संपदा की सुरक्षा के लिए जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में काम करते हैं। ऐसे में उन्हें पुलिस कर्मचारियों के समान वेतन और सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने वन भूमि से अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया। वन गौरव सम्मेलन में वन मंडल अधिकारी लोकेश निरापुरे सहित संभाग के विभिन्न जिलों से आए वन विभाग के अधिकारी, मध्यप्रदेश वन कर्मचारी संघ के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वन कर्मचारियों के योगदान, पर्यावरण संरक्षण और कर्मचारी कल्याण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। समारोह के अंत में वन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष आयुष तिवारी ने अतिथियों, अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। बाक्स

46 साल बाद विंध्य में लौटा सफेद बाघ, वन विभाग की अहम भूमिका

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि विंध्य क्षेत्र सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ समृद्ध वन संपदा के लिए भी अपनी अलग पहचान रखता है। यहां के जंगल, वन्यजीव और प्राकृतिक संसाधन क्षेत्र की पहचान हैं। इनकी सुरक्षा और संवर्धन में वन विभाग के कर्मचारियों का योगदान उल्लेखनीय है।0उन्होंने मुकुंदपुर व्हाइट टाइगर सफारी का उल्लेख करते हुए कहा कि वन विभाग के सहयोग से ही इस महत्वाकांक्षी परियोजना की स्थापना संभव हो सकी। इसके माध्यम से 46 साल बाद विंध्य में सफेद बाघ की वापसी हुई। यह क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि वन संपदा और वन्यजीवों का संरक्षण केवल विभागीय जिम्मेदारी नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें वन कर्मचारियों की मेहनत और प्रतिबद्धता की अहम भूमिका है।

वन कर्मचारियों की मांगों पर सरकार तक पहुंचाएंगे बात

सम्मेलन में वन कर्मचारी संगठन की ओर से कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं और मांगों को उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया। इस पर राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि वन कर्मचारी कठिन परिस्थितियों में अपनी जिम्मेदारियां निभाते हैं। उनके काम की प्रकृति और चुनौतियों को देखते हुए उनकी समस्याओं का समाधान आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों ने ज्ञापन के माध्यम से जो मांगें रखी हैं, उन्हें पूरा करने के लिए प्रयास किए जाएंगे। इस संबंध में संबंधित उच्च अधिकारियों से चर्चा की जाएगी और मुख्यमंत्री के सामने भी इन मांगों को रखने का अनुरोध किया जाएगा।

वोट बचाओ आंदोलन के तहत कांग्रेस की साइकिल यात्रा, मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की उठी मांग



रीवा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन मे संचालित वोट बचाओ-देश बचाओ जन आंदोलन के अंतर्गत मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ढेकहा द्वारा साइकिल यात्रा निकाली गई। आयोजित इस यात्रा को रीवा के महापौर अजय मिश्रा बाबा रीवा विधानसभा प्रभारी अजय सोनी एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उक्त रैली का नेतृत्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद रफीक अंसारी ने किया, साइकिल यात्रा के शुभारंभ अवसर पर महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि साइकिल यात्रा जैसे जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से भाजपा की जनविरोधी नीतियों और मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं के मुद्दे को आम जनता तक पहुंचाना आवश्यक है। यात्रा का नेतृत्व कर रहे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ढेकहा के अध्यक्ष मोहम्मद रफीक अंसारी ने आरोप लगाया कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के सहयोग से भाजपा को लाभ पहुंचाने के लिए मतदाता सूची में कथित तौर पर अनियमितताएं की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का आरोप है कि पात्र मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा रहे हैं, जबकि भाजपा के पक्ष में अन्य क्षेत्रों के मतदाताओं के नाम जोड़े जा रहे हैं। साइकिल यात्रा में शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पटेल 'झब्बू', विधानसभा प्रभारी अजय सोनी, एम.आई.सी. सदस्य धनेन्द्र सिंह बघेल, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजभान द्विवेदी, शहर महासचिव सत्या द्विवेदी, शहर सचिव जितेंद्र त्रिपाठी, पार्षद सूफिया बेगम, पूर्व पार्षद रामप्रकाश तिवारी 'डेडू', मुश्ताक खान, ए.पी. शुक्ला, सैलजा तिवारी, मुर्तजा अंसारी, राहुल सिंह, प्रदीप साकेत, दिनेश गौतम, रफीक खान, फिरोज खान, रामू कुशवाहा, अनवर अंसारी, इकबाल अहमद, गणेश भाई, राजेश तिवारी, रौनक खान, सलामुद्दीन अंसारी, मोहम्मद मुस्ताक, मोहम्मद जावेद, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद अरशद सहित ढेकहा ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी, मंडलम अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



रीवा में 55 फीट ऊंचे रावण का होगा दहन

रीवा। विजयादशमी पर इस बार रीवा में दशहरे की भव्यता देखते ही बनेगी। नगर विजयादशमी उत्सव समिति ने दशहरा पर्व को यादगार बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। आयोजन में 55 फीट ऊंचे रावण के साथ 50-50 फीट ऊंचे मेघनाद और कुंभकरण के पुतलों का दहन किया जाएगा। भगवान श्रीराम के हाथों होने वाले पुतला दहन के दौरान सुमधुर संगीत, आकर्षक रोशनी और भव्य आतिशबाजी से दशहरा मैदान जगमगाएगा। बाहर से आए कुशल कारीगर पुतलों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं। समिति के अनुसार, 20 अक्टूबर को होने वाला यह आयोजन रीवा की गौरवशाली दशहरा परंपरा को भव्य स्वरूप प्रदान करेगा। दशहरा आयोजन की तैयारियों और व्यवस्थाओं की जानकारी देने के लिए होटल सागरगैरे में नगर विजयादशमी उत्सव समिति के पदाधिकारियों ने पत्रकारवार्ता आयोजित की। समिति के अध्यक्ष महेंद्र सराफ, संरक्षक सियाराम गुप्ता एवं वीरेंद्र गुप्ता, प्रकाश तारानी, उपाध्यक्ष प्रभात दीक्षित 'गुड्डू', कोषाध्यक्ष मोहित गुप्ता, मीडिया प्रभारी प्रमोद दीक्षित और महासचिव देवेश कुमार सोनी ने संयुक्त रूप से आयोजन की रूपरेखा बताई।पदाधिकारियों ने कहा कि दशहरा पर्व केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि रीवा की सांस्कृतिक पहचान और परंपरा से जुड़ा उत्सव है। समिति का प्रयास है कि नगरवासी परिवार सहित पहुंचकर इस भव्य आयोजन का आनंद ले सकें। आयोजन में आम जनता के लिए प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। समिति के अनुसार, दशहरा मैदान में शाम 6 बजे से दर्शकों का प्रवेश शुरू होगा। आयोजन स्थल पर बाहर से आए कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। भजनों और संगीत की मधुर धुनों के बीच दर्शक विजयादशमी के उत्सव का आनंद ले सकेंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रावण, मेघनाद और कुंभकरण के विशालकाय पुतले होंगे। इनमें रावण का पुतला 55 फीट तथा मेघनाद और कुंभकरण के पुतले 50-50 फीट ऊंचे होंगे।

निर्माणाधीन मकान का ताला तोड़कर चोरी,आरोपी गिरफ्तार



रीवा। शहर में चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए जुटी समान पुलिस ने निर्माणाधीन मकान में घुसकर सामान चोरी करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक लोहे का चाकू और घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल जब्त की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान समीम अंसारी उर्फ पिंटू अंसारी (25), निवासी पोखरी टोला, थाना समान, रीवा के रूप में हुई है। वही आरोपी के खिलाफ पहले से करीब 12 अपराध दर्ज हैं। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जारी वारंट के आधार पर केंद्रीय जेल रीवा में निरुद्ध किया गया है। पुलिस के अनुसार, फरियादी शुभम मिश्रा (28), निवासी ग्राम खाम्हा, पोस्ट लोही, थाना बिछिया, रीवा का विजय विलास होटल के सामने गडरिया क्षेत्र में मकान निर्माणाधीन है। फरियादी ने 11 अक्टूबर 2026 को निर्माणाधीन मकान के लोहे के मुख्य दरवाजे पर ताला लगाया और अपने घर चला गया था। 14 अक्टूबर को मोहल्ले के लोगों ने उसे सूचना दी कि निर्माणाधीन मकान के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक महिला और एक पुरुष मकान के अंदर घुसे थे। कुछ समय बाद दोनों वहां से सामान लेकर जाते हुए दिखाई दिए। सूचना मिलने पर फरियादी ने थाना समान पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी आशीष मिश्रा नेतृत्व में पुलिस ने मामले में अपराध क्रमांक 438/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305(ए) और 331(3) में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान समान पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किया और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जांच के दौरान पुलिस ने चोरी में शामिल महिला जरीन खान को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। हालांकि, उसका साथी घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुटी थी। इसी बीच 18 अक्टूबर को पुलिस ने समीम अंसारी उर्फ पिंटू अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान उसके कब्जे से एक लोहे का चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने चाकू मिलने के मामले में आर्म्स एक्ट की धारा 25(बी) के तहत अलग से कार्रवाई की है।

उप मुख्यमंत्री ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का किया लोकार्पण



रीवा। नगर पालिक निगम रीवा द्वारा अमृत 2.0 के अंतर्गत विकसित किए गए 9 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (**STP**) का लोकार्पण मध्यप्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल द्वारा किया गया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने एसटीपी का निरीक्षण एवं परीक्षण कर इसकी कार्यप्रणाली की जानकारी ली। अधिकारियों द्वारा उन्हें प्लांट में सीवरेज के संग्रहण, उपचार एवं शोधन की प्रक्रिया तथा विभिन्न तकनीकी व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। अमृत 2.0 के अंतर्गत विकसित इस सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की 9 एमएलडी उपचार क्षमता है। परियोजना के तहत सीवेज को व्यवस्थित रूप से एकत्रित कर उपचारित करने के लिए 3 इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन (**IPS**) का प्रावधान किया गया है। परियोजना के माध्यम से वार्ड क्रमांक 2, 3, 4 एवं 5 को सीवरेज सुविधा से जोड़ा जाना प्रस्तावित है। परियोजना के अंतर्गत कुल 9,050 हाउस सर्विस कनेक्शन (**HSC**) प्रस्तावित हैं। इनमें 9 एमएलडी एसटीपी/एमपीएस, एजी कॉलेज ग्राउंड क्षेत्र में 4,183 कनेक्शन, खैरा बस्ती स्थित आईपीएस-1 से 2,697 कनेक्शन, धीर्मा नाला स्थित आईपीएस-2 से 1,895 कनेक्शन तथा हमीदिया कॉलोनी स्थित आईपीएस-3 से 275 कनेक्शन प्रस्तावित हैं। अब तक 6,206 हाउस सर्विस कनेक्शन किए जा चुके हैं, जबकि शेष 2,844 कनेक्शन किए जाना प्रस्तावित है। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि 9 एमएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का प्रमुख उद्देश्य शहर से निकलने वाले सीवेज का व्यवस्थित संग्रहण एवं वैज्ञानिक उपचार करना है। इससे बिना उपचारित सीवेज के कारण होने वाले जल एवं पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी तथा शहर में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। आधुनिक सीवरेज प्रबंधन के माध्यम से शहर की स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने में यह परियोजना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि शहर में बेहतर स्वच्छता, आधुनिक सीवरेज व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है, 9 एमएलडी एसटीपी का लोकार्पण रीवा में आधुनिक एवं वैज्ञानिक सीवरेज प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



कलेक्टर ने देवतालाब शिव मंदिर एवं अष्टभुजी माता मंदिर में किए दर्शन

अष्टभुजी माता मंदिर परिसर में नवरात्रि मेले का निरीक्षण कर दिए आवश्यक निर्देश

मऊगंज। कलेक्टर राजेश कुमार ओगरे ने देवतालाब के ऐतिहासिक शिव मंदिर एवं नईगढ़ी स्थित अष्टभुजी माता मंदिर पहुंचकर दर्शन एवं पूजा-अर्चना की।इस दौरान कलेक्टर ने अष्टभुजी माता मंदिर परिसर में नवरात्रि मेले की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं सुचारु यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाएं व्यवस्थित रूप से संचालित की जाएं।कलेक्टर ने अधिकारियों को मेले की व्यवस्थाओं पर सतत निगरानी रखने तथा आवश्यकतानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान संबंधित एसडीएम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

जिली विभाग की लापरवाही से 3 फीट पर झूल रहा 440 वोल्ट का करंट

ब्लॉक चौराहे पर खुलेआम हादसे को दावत, जिम्मेदार मौन

मऊगंज। जिले के नगर परिषद नईगढ़ी नगर का हृदय कहे जाने वाला ब्लॉक चौराहा इन दिनों बिजली विभाग की घोर लापरवाही के कारण मौत के मुहाने पर खड़ा है। जहां दिन भर हजारों लोग,स्कूली बच्चों और हाट-बाजार आने वाले ग्रामीणों की चहल-पहल रहती है, वहीं विभाग ने एक माह पूर्व नया ट्रांसफार्मर तो लगा दिया, लेकिन सुरक्षा के सारे मानक ताक पर रख दिए।



जानकारी के अनुसार इस ट्रांसफार्मर में विधिवत सील्ड फ्यूज बॉक्स लगाने के बजाय जमीन से महज 3 फीट ऊपर नंगे तारों के सहारे फ्यूज लटका दिया गया है। इन खुले तारों में 24 घंटे 440 वोल्ट का करंट प्रवाहित हो रहा है। जरा सी हवा चलने पर चिंगारियां फूटती हैं और बारिश के मौसम में यह पूरा क्षेत्र करंट का मैदान बन सकता है। स्थिति इतनी भयावह है कि अनजाने में कोई भी व्यक्ति, बच्चा या मवेशी इसकी चपेट में आ सकता है।सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह ट्रांसफार्मर नईगढ़ी कस्बे के सबसे व्यस्ततम चौराहा में नगर परिषद की सरकारी दुकानों से सटा हुआ है। इसी चौराहे से ब्लॉक कार्यालय, गढ़ एवं देवतालाब मार्ग, थाना अस्पताल, महिला बाल विकास विभाग कार्यालय,मुख्य बाजार का रास्ता गुजरता है। दिन भर यहां भीड़ लगी रहती है। इसके बावजूद विभाग ने खुले तारों को कवर करने या सुरक्षा जाली लगाने की जहमत नहीं उठाई। नियमानुसार किसी भी नए ट्रांसफार्मर में फ्यूज बॉक्स, प्रॉपर अर्थिंग, सुरक्षा बाड़ और चेतावनी बोर्ड लगाना अनिवार्य है, लेकिन नईगढ़ी में इनमें से कुछ भी नहीं है। यह कोई पुराना जर्जर ट्रांसफार्मर नहीं है, बल्कि एक माह पहले लगाया गया नया ट्रांसफार्मर है, जो विभागीय एवं ठेकेदार की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। स्थानीय समाजसेवियों का कहना है कि इस संबंध में कई बार मौखिक शिकायत की गई, लेकिन न तो नगर परिषद नईगढ़ी और न ही विद्युत विभाग ने सुध ली। आखिर प्रशासन किस बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है? आम नागरिकों ने कलेक्टर मऊगंज और कार्यपालन यंत्री विद्युत विभाग मऊगंज से मांग की है कि तत्काल मौके का निरीक्षण कर सुरक्षित फ्यूज बॉक्स लगाया जाए, नंगे तारों को व्यवस्थित कर कवर किया जाए और दोषी कर्मचारियों पर कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।